आकाशवाणी चंडीगढ़

28 अक्तूबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंस के जरिये 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।
- केंद्रीय उपभोक्ता मामले,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने किसानों को चावल मिल मालिकों से सारी  उपज खरीदने का आश्वासन दिया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पिहोवा,यमुनानगर सड़क को चार मार्गीय बनाने और कुरुक्षेत्र व लाडवा में बाईपास बनाने की घोषणा की।
- हरियाणा में अब तक विभिन्न मंडियों में 43 लाख ,2 हज़ार टन से अधिक धान और 4 लाख ,17 हज़ार टन से अधिक बाजरा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ख़रीदा गया।
- अंबाला पुलिस ने तीन नशा तस्करों को गिरफ़्तार कर उनसे एक क्विंटल, 75 किलो गांजा बरामद किया।

**************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंस के जरिये नव-नियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। रोजगार मेला पूरे देश के 40 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे। यह मेला राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए रोजगार के अवसरों के साथ युवाओं को सशक्त बनायेगा।

**************************************************************************

उपभोक्ता मामले,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने किसानों को आश्वासन दिया है कि सरकार चावल मिल मालिकों से सारी उपज खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज नई दिल्ली में भारतीय खाद्य निगम शिकायत निवारण प्रणाली के उद्धाटन के दौरान यह बात कही।श्री जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा शिकायत निवारण तंत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजीकरण से लेकर समाधान खोजने तक की पूरी प्रिक्रिया ऑनलाइन होगा। श्री जोशी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि मिल मालिकों की सभी शिकायतों का निपटारा पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिहोवा, कुरुक्षेत्र, लाड़वा के साथ-साथ हरिद्वार जाने वाले लाखों लोगों की सुविधा के लिए पिहोवा से यमुनानगर तक सड़क को चार मार्गीय बनाया जाएगा। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र और लाडवा में भी बाईपास बनाकर लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाई जाएगी। प्रदेश में तेज गति के साथ कई हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा।मुख्यमंत्री आज जिला कुरुक्षेत्र में कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित स्वागत व धन्यवाद समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने सभी को दीपावली भैया दूज, छठ पूजा व विश्वकर्मा जयंती की बधाई भी दी।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कई हज़ार करोड़ रुपए की परियोजनओं को अमलीजामा पहनाया जायेगा। मेट्रो व लोकल ट्रेनों का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को आवागमन में आसानी हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही ऐसे बहुत सी सड़क परियोजनाओं व को गति देने का काम किया जाएगा जिससे मूल सरंचना का विकास हो। श्री नायब सिंह ने अधिकारियों को लाडवा विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत संबंधी काम जल्द करवाने के निर्देश दिए और कहा कि  सरकार के दरवाजे जनता के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे।

**********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हरियाणा में पतंजलि योग संस्थान की, हरिद्वार से बड़ा आचार्यकुलम स्थापित करने की योजना में हर संभव सहयोग देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि आचार्यकुलम की स्थापना, प्रदेश के लिए गर्व की बात है।पतंजलि योग पीठ के हरिद्वार स्थित आचार्यकुलम के 12वें वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आचार्यकुलम, देश के आर्थिक एवं वैचारिक विकास में सहायक होगा जिस से देश, विश्व गुरु बनने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर होगा।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शिरकत करने से पहले, पतंजलि योग संस्थान द्वारा संचालित कन्या गुरुकुल,शोध केंद्र, आरोग्य केंद्र और पतंजलि आयुर्वेदिक शोध केंद्र का अवलोकन किया और कहा कि पतंजलि शोध संस्थान जैसे शोध संस्थान हरियाणा में भी स्थापित किए जाएंगे।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रत्नावली महोत्सव प्रदेश के गीत संगीत, कला, संस्कृति को लेकर युवा पीढ़ी को जोड़ने का एक अद्भुत संगम है। मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित  चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने  कहा कि वैदिक काल से ही इस प्रदेश की सांस्कृतिक सम्पन्नता के साक्ष्य उपलब्ध हैं। इस वैदिक काल की संस्कृति और संस्कारों को रत्नावली महोत्सव सहेजने का काम कर रहा है। हरियाणा की सांस्कृतिक विकास यात्रा में इस उत्सव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वर्ष 1985 में 8 विधाओं और 300 कलाकारों से रत्नावली महोत्सव का आगाज हुआ था। आज इस महोत्सव के मंच पर 34 विधाओं में 3000 से ज्यादा छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का हुनर दिखा रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री, पूर्व मंत्री श्री सुभाष सुधा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शिल्प मेले का भी अवलोकन किया।

*************************************************************************

हरियाणा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने कहा है कि अब तक विभिन्न मंडियों में धान और बाजरे की खरीद का काम सुचारु रूप से जारी है। अब तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 43 लाख 2 हजार 418 टन धान और 4 लाख 17 हजार 771 टन बाजरे की खरीद हुई है। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक कुल 45 लाख 50 हजार 473 टन धान की आवक हुई है। वहीं, विभिन्न मंडियों में अभी तक 4 लाख 30 हजार 193 टन बाजरा आया है।उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले की मंडियों में सबसे अधिक 9 लाख 62 हजार 575 टन धान की आवक हुई है जबकि करनाल जिला 8 लाख 8 हजार 728 टन धान की आवक के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं महेंद्रगढ़ जिले की विभिन्न मंडियों में सबसे अधिक 1 लाख 06 हजार 732 टन बाजरा आया है इसी प्रकार, रेवाड़ी जिले की विभिन्न मंडियों में 95 हजार 130 टन बाजरे की आवक हुई है।प्रवक्ता ने बताया कि अब तक किसानों को धान का 8 हजार 84 करोड़ रुपये और बाजरे का 847 करोड़ रुपये भुगतान भी कर दिया गया है।

*************************************************************************

सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल करने के लिए आज से पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का विषय "राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति" रखा गया। इस सप्ताह की शुरूआत मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संस्थानों के कर्मचारियों के शपथ ग्रहण के साथ हुई। सप्ताह के दौरान भ्रष्ट कार्यप्रणालियों के विरूद्ध जागरूकता का प्रसार करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

*************************************************************************

अंबाला पुलिस की अपराध जांच एजेंसी ने तीन नशा तस्करों को गिरफ़्तार कर उनसे एक क्विंटल, 75 किलो गांजा बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र बोरिया ने बताया कि आरोपियों की पहचान पानीपत निवासी अर्जुन, सोनू और राजेश के तौर पर हुई है। यह तीनों काफी समय से अंबाला के गांव मीठापुर में रह रहे थे। नशे की इस खेप की क़ीमत लगभग 45 लाख रुपए बताई गई है।आरोपियों को अदालत में पेश कर 10 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

उधर फ़रीदाबाद पुलिस की अपराध जांच शाखा ने अलग अलग स्थानों से 2 तस्करों को गिरफ़्तार कर 500 ग्राम गांजा बरामद किया है। गांव सारण से दिलीप नामक व्यक्ति से 240 ग्राम और डबुआ मंडी क्षेत्र से एक अन्य आरोपी राकेश को 260 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया गया है।

************************************************************************

हरियाणा में इस वर्ष भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा अब तक पराली जलाने की कुल 713 घटनाएं दर्ज की गई हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत कम हैं।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राज्य-विशिष्ट योजना लागू की है, जिसके तहत एक तरफ किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है तो वहीं दूसरी ओर पंचायतों को जीरो बर्निंग लक्ष्य दिए जा रहे है। रेड जोन पंचायतों को जीरो बर्निंग लक्ष्य हासिल करने पर एक लाख रुपये तथा येलो जोन पंचायतों को 50 हजार रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा।सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के परिणामस्वरूप अब तक 83 हजार 70 किसानों ने 7 लाख 11 हजार एकड़ धान क्षेत्र के प्रबंधन के लिए पंजीकरण कराया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर है।प्रवक्ता ने बताया कि धान फसल के अवशेषों के प्रबंधन हेतु किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपये का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक किसानों को 223 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई है। सरकार द्वारा किसानों को फसल प्रबंधन के उपकरण भी सब्सिडी पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि पराली के उपयोग के लिए गांवों के पास विभिन्न प्रकार के उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि किसान पराली को जलाने की बजाए अतिरिक्त आय कमा सकें।प्रवक्ता ने बताया कि सरकार द्वारा पराली जलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। अब तक कुल 334 चालान जारी किए गए हैं और किसानों से 8 लाख 45 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है। इसके अतिरिक्त, अब तक ऐसे किसानों के खेतों के रिकॉर्ड में कुल 418 लाल इंदराज किए गए है तथा 192 किसानों के खिलाफ पुलिस मामले दर्ज किये गये है।